विकसित भारत बनाने को सभी योगदान दें : उनियाल

- यूटीयू में राज्य स्थापना दिवस पर किया गया सम्मेलन का आयोजन
- तकनीकी शिक्षा मंत्री ने विवि में बन रहे आवासों के लिए किया भूमि पूजन

देहरादून, कार्यालय संवाददाता। विकसित भारत के सपने को पूरा करने में सभी को अपनी भूमिका का सही से निर्वहन करना होगा। यह बात तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल ने शनिवार को कही। वह राज्य स्थापना दिवस पर सुद्धोवाला स्थित वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यूटीयू ने 'देश को आत्मनिर्भर, स्वस्थ और समृद्ध वैश्विक लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए विकसित भारत' विषय पर सम्मेलन आयोजित किया। इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर उनियाल ने सभी को राज्य स्थापना दिवस की बधाई दी। इससे पूर्व उन्होंने विवि परिसर में दस करोड़ रुपये की लागत से बन रहे आवासों के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को उक्त भवन आगामी 27 जनवरी से पहले तैयार करने के निर्देश दिए।

विवि के कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि इस सम्मेलन के भविष्य में सुखद परिणाम निकलेंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड संस्कृत विवि की पूर्व कुलपति सुधा रानी पांडे, पद्मश्री डॉ.बीकेएस संजय, आईएमए, दून के पूर्व कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) जेएस नेगी, इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस महबूब अली, स्पेंडम ईसीजी ऑफ सनफॉक्स टेक्नोलॉजी के संस्थापक रजत जैन ने भी विचार रखे।

सम्मेलन के अंत में कुलसचिव डॉ.सत्येन्द्र सिंह ने अतिथि व छात्रों का आभार जताया। कार्यक्रम में विवि के अधिकारी वित्त नियंत्रक बिक्रम सिंह जंतवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ.विनय कुमार पटेल, डॉ. मनोज कुमार पांडा आदि मौजूद रहे।